हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 14 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
मोर गांव मोर पानी अभियान से आजीविका और जल संरक्षण को मिला नया आधार





## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता तोड़ने चढ़ गया पेड़ पर, गिरकर मौत

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र के मड़वाताल घाट के जंगल में दो वक्त की रोटी कमाने के लिए एक युवक तेंदूपत्ता संग्रह करने पेड़ पर चढ़ा था। इसी बीच करीब 50 फीट की ऊंचाई से वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। सत्यनारायण चक्रधारी कापू थाना क्षेत्र के आलोला गांव का रहने वाला था, जिसकी उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी के साथ बुधवार की सुबह करीब 6 बजे जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान करीब साढे 6 बजे पेड़ पर वह करीब 50 फीट ऊंचाई पर चढ़ कर पत्तियां तोड़ रहा था, इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सूने मकान में लाखों की चोरी, तीन गिरफ्तार



**रायगढ़।** पुलिस ने सूने मकान में ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल, नगदी रकम, दो स्कूटी और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। यह मामला विनोबा नगर का है, जहां निवासी संतोष कुमार देवांगन ने 9 मई को थाना चक्रधरनगर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 8 मई को वह परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरे की खिड़की व अलमारी तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई गई। जांच के दौरान पुलिस ने रोशन सिंह, शिवा सोनी और धरमदास महंत उर्फ प्रेम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोना-चांदी जैसा धातु, गलाए गए चांदी के टुकड़े, नगदी रकम, टूटा हुआ ताला, स्कूटी क्रमांक सीजी 13 बी एल 4874 सहित एक अन्य स्कूटी और धातु गलाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### बस स्टैंड पर हवा भरने वाला टैंक फटा, युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** चंद्रपुर नगर में सोमवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस स्टैंड परिसर के पास हवा भरने वाला टैंक अचानक फट गया, जिसमें 23 वर्षीय युवक जुनैद खान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। जुनैद खान वार्ड क्रमांक 4, मंडी पारा चंद्रपुर का निवासी था। बताया जा रहा है कि उसकी कुछ महीने पहले ही शादी हुई थी, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर घबराकर बाहर निकल आए। कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने ढहा दिया सट्टे के काले कारोबार का किला, हवाला के जरिए बाहर भेजते थे रकम

# करन ने खड़ा किया दिल्ली से रायपुर-रायगढ़ तक ऑनलाइन सट्टे का साम्राज्य, दो शागिर्द करते थे ब्लैक मनी को व्हाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- एक करोड़ से अधिक नकदी, नोट गिनने की मशीन, मोबाइल जब्त, अवैधानिक वित्तिय लेन-देन के मिले सबूत
- संगठित अपराध की धाराओं में कार्रवाई, करन और उसके साथी बाप-बेटा पुष्कर व सुनील भी गिरफ्तार



करन चौधरी जिसे करन अग्रवाल के नाम से भी जाना जाता है। यह ऑनलाइन सट्टे का वह चर्चित नाम है जिसने दिल्ली से लेकर राज्य की राजधानी रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती, तक अपना ऑनलाइन सट्टे का साम्राज्य खड़ा किया था। अपने नेटवर्क के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन कर रहा था। खास बात यह है कि सट्टे के काले कारोबार से मिले रकम को सीधे अपने पास न रखकर वह परिचित कारोबारियों, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य व्यावसायिक चैनलों के माध्यम से कैश डंप करता था। बाद में उसे हवाला चैनल के जरिए आगे ट्रांसफर किया जाता था। करन के नतृत्व में संचालित ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा केवल जुए तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए करोड़ों के अवैध लेनदेन, ब्लैक मनी का संचालन, हवाला नेटवर्क और आर्थिक अपराधों का पूरा संगठित तंत्र सक्रिय रुप से काम कर रहा था, लेकिन पुलिस ने सट्टे के काले कारोबार का किला ढहा दिया है।

इस कार्रवाई में पुलिस ने सट्टे से अर्जित अवैध धन को वैध स्वरूप देने के प्रमाण जुटाते हुए तीन प्रमुख आरोपियों करन चौधरी, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 नकद, नोट गिनने की मशीन, चार मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 की संपत्ति जब्त की गई है। बीते 26 अप्रैल को पुलिस ने रायगढ़ शहर एवं घरघोड़ा क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा नेटवर्क पर एक साथ दबिश देकर 6 सटोरियों को पकड़ा था। इसमें सोनू देवांगन पिता रूपेन्द्र देवांगन 21 कोष्टापारा, हर्षित देवांगन पिता स्व० अनन्त राम 24 कोष्टापारा, भरत गोयल पिता सुभाष गोयल 22 घरघोडा, गौतम भोजवानी पिता श्याम भोजवानी 26 घरघोडा, लक्ष्मीनारायण सिदार पिता चंदन सिंह 28 घरघोडा और सागर गुप्ता पिता विनोद गुप्ता 27 से 7 मोबाइल और 15 हजार 490 जब्त किया गया था। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में धारा 4, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम और घरघोड़ा थाने में धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। प्रारंभिक कार्रवाई में मोबाइल फोन, डिजिटल ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और नगदी बरामद हुई थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने रायगढ़ के खाईवाल करन चौधरी और जसमीत सिंह बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार के इशारे पर पूरे नेटवर्क के संचालन की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल इनपुट, कॉल डिटेल, चैट रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रेल और फाइनेंशियल एनालिसिस के जरिए पूरे सिंडिकेट की परत-दर-परत जांच शुरू की। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कृष्ण प्राइड टावर में रहने वाले पुष्कर अग्रवाल और उसके पिता सुनील अग्रवाल इस पूरे मनी मूवमेंट नेटवर्क के अहम हिस्से थे और सट्टे से प्राप्त ब्लैक मनी को हवाला के जरिए व्हाइट करने का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने करन चौधरी से मिली सूचना पर कृष्ण प्राइड टावर स्थित फ्लैट में छापेमार कार्रवाई की, जहां से सुनील अग्रवाल के कब्जे से 50 लाख नकद, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं पुष्कर अग्रवाल के कब्जे से 52 लाख 60 हजार नकद तथा दो मोबाइल जब्त किए गए। इससे पहले करन चौधरी के कब्जे से नगदी और मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक डाटा, चैट रिकॉर्ड, यूपीआई लेनदेन और वित्तीय दस्तावेजों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल सट्टेबाजी नहीं बल्कि एक संगठित आर्थिक अपराध सिंडिकेट के रूप में संचालित हो रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी अपने निजी बैंकिंग या डिजिटल अकाउंट का उपयोग करने के बजाय कर्मचारियों, परिचितों और सहयोगियों के खातों एवं मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे ताकि जांच एजेंसियों से बचा जा सके।

### धारा 111 (संगठित अपराध) का अपराधी भी है करन

करण चौधरी के खिलाफ पूर्व में कोतवाली और चक्रधरनगर थाने में जुआ-सट्टा के 4 मामले दर्ज है। इसके अलावा कोतवाली में करन पर मारपीट, रंगदारी, आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित, अपहरण और अन्य गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं। पूर्व में आरोपी करन चौधरी के आपराधिक कृत्य पर आदतन बदमाश होने पर प्रतिबंधात्मक धारा 110 और धारा 107,116(3) के तहत कार्रवाई भी की जा चुकी है। लगातार आपराधिक गतिविधियों, आर्थिक लाभ के उद्देश्य से गठित नेटवर्क और सामूहिक अपराध संचालन के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 (संगठित अपराध) भी प्रकरण में जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि फरार अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### अभी भी एक आरोपी फरार

फरार आरोपी जसमीत सिंह बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार इस सिंडिकेड की अहम कड़ी है, गुड्डा सरदार आरोपी करन के साथ मिलकर सक्ती, खरसिया, रायगढ़ और रायपुर में ऑनलाइन जुआ खिलाता था, जिसकी गिरफ्तारी से कुछ अहम जानकारी मिलने की संभावना है जिससे और भी आरोपियों की गिरफ्तारी की

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

करन चौधरी उर्फ करन अग्रवाल पिता संजय चौधरी 29 निवासी ढिमरापुर चौक, पुष्कर अग्रवाल पिता सुनील अग्रवाल 26 और सुनील कुमार अग्रवाल पिता स्व. सूरजभान 58 निवासी फ्लैट नं 505 कृष्ण प्राइड टावर रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से की गई जब्ती 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद, एक नोट गिनने की मशीन, 4 मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 की संपत्ति जब्त किया गया है।

## ढाई लाख के गांजा तस्करी मामले में 2 दोषी न्यायालय ने सुनाई 10-10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के डोंगरीपाली थाना क्षेत्र में पकड़े गए गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। एनडीपीएस एक्ट की विशेष न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

इस संबंध में लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी ने बताया कि यह मामला 15 जनवरी 2024 का है, जब डोंगरीपाली थाना पुलिस ने सहजबहाल जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 10 एम 9326 से लगभग ढाई लाख कीमत की गांजा बरामद किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी ओड़िशा के चकबहाल क्षेत्र से तीन बोरियों में गांजा छिपाकर ला रहे थे। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने बाद में आरोपी सियाराम यादव को 25 मार्च 2024 तथा दूसरे आरोपी सोनभद्र राजवाडे को 5 जून 2024 को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 20 (बी-2)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस जांच पूर्ण होने के बाद 18 जून 2024 को प्रकरण विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी एवं सिद्धेश पटनायक ने साक्ष्यों, दस्तावेजों और गवाहों के आधार पर अदालत में प्रभावी एवं तथ्यपरक पैरवी की। विशेष रूप से अपर लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी ने मामले की परिस्थितिजन्य कड़ियों को न्यायालय के समक्ष मजबूती से प्रस्तुत करते हुए आरोपियों की संलिप्तता प्रमाणित कराई। अभियोजन पक्ष की सशक्त दलीलों के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि समाज में नशीले पदार्थों की तस्करी गंभीर अपराध है तथा ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 1-1 लाख अर्थदंड की सजा सुनाई।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी अनुसार कर्रापाली निवासी कन्हैया लाल बंजारे 50 साल अपने परिवार और साथियों के साथ किसी काम से अंबिकापुर गए थे। कार में उनकी पत्नी ललिता बंजारे 45 साल, अंजली बंजारे 22 साल, भास्कर बंजारे 12 साल और बसंत गबेल 45 साल भी सवार थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात करीब 3 बजे सभी लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम देहजरी के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी।

## पेट्रोल पंप संचालकों को सीमित मात्रा में ईंधन वितरण का मौखिक निर्देश

- 3 माह की औसत बिक्री के आधार पर तय होगी सप्लाई, जमाखोरी रोकने भी होगी सख्ती



**रायगढ़।** ईरान, ईजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर अब पेट्रोल डीजल पर भी दिखने लगा है। पेट्रोलियम कंपनियों ने मौखिक तौर पर पेट्रोल पंप संचालकों को सीमित मात्रा में ईंधन के वितरण को लेकर निर्देशित किया है। सूत्र बता रहे कि प्रत्येक पेट्रोल पंप में उसके तीन माह की औसत बिक्री के आधार पर सप्लाई तय की जाएगी, साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जरीकेन और बॉटल आदि में पेट्रोल डीजल की जमाखोरी कर बिक्री पर भी सख्ती की बात कही जा रही है।

पेट्रोल पंप संचालकों की मानें तो बीते कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में फर्क नजर आया है। पहले ऑर्डर करने पर तुरंत आपूर्ति भी अगले ही दिन हो जाती थी, किंतु कुछ दिनों से आपूर्ति में विलंब हो रहा है। वहीं पूर्व में अतिरिक्त स्टॉक के लिए भी गाड़ियां आ जाती थी, लेकिन अब पहले की अपेक्षा कम गाड़ियां आ रही हैं। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि उन्हें इसके मौखिक निर्देश ही मिले हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। मौखिक तौर पर सीमित मात्रा में ईंधन वितरण को लेकर जारी निर्देश के तहत एक वाहन को एक दिन में अधिकतम 250 लीटर डीजल और एक व्यक्ति को 50 लीटर पेट्रोल देने की सीमा तय की गई है। इस फैसले के बाद परिवहन कारोबारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ने लगी है। वहीं कुछ अधिकारीगण भी इस बात को कहते नजर आ रहे हैं कि पेट्रोल पंप संचालकों को 90 दिनों की औसत बिक्री के आधार पर ईंधन सप्लाई किया जा रहा है।

### निर्धारित सीमा से अधिक ईंधन वितरण पर रोक

सूत्रों की मानें तो पेट्रोलियम कंपनियों ने फ्यूल डिस्ट्रीब्यूशन में लिमिट तय करने की बात कही है। वहीं निर्धारित सीमा से अधिक ईंधन पर रोक लगाने के निर्देश हैं। मुख्य रूप से डीजल की बिक्री को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। किंतु इस मौखिक निर्देश के बाद से ही अधिकांश पंप संचालकों को उनकी 90 दिनों की औसत बिक्री के आधार पर ईंधन का वितरण किा जा रहा है। जिससे कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने भी इसी आधार पर सीमित वितरण शुरू कर दिया है।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग ड्रम आदि में डीजल की अवैध जमाखोरी कर अधिक कीमतों पर बेचते हैं। ऐसे में जेरीकेन, बॉटल और ड्रम में ईंधन देने पर भी सख्ती बढ़ा दी गई है। पेट्रोल पंप संचालकों को सीधे तौर पर बिना उचित कारण बड़ी मात्रा में डीजल नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में उचित कार्रवाई की भी बात कही जा रही है।

### परिवहन कारोबार में पड़ेगा असर

पूर्व में किसानों और छोटे कारोबारियों को आसानी से डीजल उपलब्ध हो जाता था, लेकिन अब सीमित वितरण की वजह से परेशानी बढ़ सकती है। वहीं दूसरी ओर डीजल वितरण सीमित होने से ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। बस और ट्रक ऑपरेटरों का कहना है कि लंबी दूरी के वाहनों को एक बार में पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से संचालन लागत बढ़ सकती है। इसके साथ ही माल ढुलाई दरों और किराए में बढ़ोतरी की संभावना भी जताई जा रही है।

## तुमीडीह डेम के पास मिली युवती की लाश, दरिंदों ने पत्थर से कुचल दिया पूरा सिर

**रायगढ़।** बीती रात पूंजीपथरा ताना क्षेत्र के तुमीडीह डेम के पास जंगल किनारे एक 20 से 25 वर्षीय अज्ञात युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के तन पर न कपड़े न चेहरे की पहचान। शव की हालत इतनी भयावह थी कि उसकी पहचान कर पाना मुश्किल था। उसके चेहरे को आरोपियों ने पत्थर से कुचल दिया।



सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिंक की टीम पहुंची। प्रथम दृष्टया मामला सुनियोजित और नृशंस हत्या का माना जा रहा है। फिलहाल इसी आधार पर पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई है। जानकारी अनुसार कुछ ग्रामीणों ने डैम किनारे जंगल में एक युवती का शव संदिग्ध हालत में पड़ा देखा। शव औंधे मुंह जमीन पर पड़ा था। जंगल के भीतर नग्न अवस्था में शव मिलने और उसके चेहरे को पत्थर से कुचलने की वजह से ग्रामीणों ने आनन-फानन में इसकी सूचना पूंजीपथरा पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिंक की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र करने में जुट गई। खबर फैलते ही मौके पर ग्रामवासियों की भारी भीड़ भी जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी करते हुए जांच शुरू की और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए घरघोड़ा अस्पताल भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद आरोपियों ने पहचान छिपाने और सबूत मिटाने की नीयत से कपड़ों को गायब कर दिया।

युवती के गले पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान मिले हैं। वहीं पहचान मिटाने के लिए हत्यारों ने चेहरे को भारी पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतका की उम्र करीब 20 से 22 साल के बीच बताई जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के बावजूद युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतका की शिनाख्त करना है।

### एक दर्जन गाड़ियों का बदला रूट, कई ट्रेनें गंतव्य से पहले ही समाप्त, यात्रियों की बढ़ी समस्या

# नॉन इंटरकनेक्टिविटी कार्य के चलते दोनों फेरों की 30 ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चांपा स्टेशन में चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य 07 जून से 19 जून तक किया जायेगा। इसके तहत नॉन इंटरकनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग का कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से इस रूट पर चलने वाली 30 से अधिक ट्रेनों को दोनों फेरों में रद्द किया गया, जबकि 9 गाडियों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं और कुछ गाड़ियों को गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दिया गया है। अचानक इतनी बड़ी संख्या में दोनों तरफ से ट्रेनों के रद्द होने की वजह से यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई है। इन ट्रेनों से पहले ही टिकट आरक्षित करा चुके यात्रियों को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ेगी।

इस संबंध में रेलवे प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। जिसके तहत चांपा स्टेशन में चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य दिनांक 07 जून से 19 जून, 2026 तक किया जायेगा। रेलवे प्रबंधन की मानें तो बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमे अब तक 180 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। किंतु वर्तमान में लगातार यात्री ट्रेनों के अलग-अलग कारणों से रद्द होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर महिने किसी न किसी वजह से यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। आलम यह है कि लंबी दूरी की ट्रेनों सहित लोकल ट्रेनें भी लगातार कैंसिल हो रही हैं। जिसकी वजह से रोजमर्रा के कामकाज में जाने वाले नौकरीपेशा लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 08 से 19 जून तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 07 से 18 जून तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, 08 से 19 जून तक रायगढ़ व बिलासपुर से चलने वाली 68737/68738 रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी। इसके अलावा 07 से 18 जून तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 08 से 19 जून तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 12 से 16 जून तक दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, 10 से 14 जून तक आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 से 15 जून तक अहमदाबाद व हावड़ा से चलने वाली 12833/12834 अहमदाबाद-हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 12 जून को हावड़ा से चलने वाली 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस, 14 जून को सीएसएमटी से चलने वाली 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस, 12 व 15 जून को हटिया से चलने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस, 14 व 17 जून को पुणे से चलने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस, 10 जून को पुरी से चलने वाली 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस, 13 जून को जोधपुर से चलने वाली 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस, 10 व 11 जून को पोरबंदर से चलने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस, 12 व 13 जून को शालीमार से चलने वाली 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस, 14 जून को ओखा से चलने वाली 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस, 16 जून को शालीमार से चलने वाली 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस, 13 जून को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



### यह गाड़ियां विलंब से होंगी रवाना

11 से 15 जून तक पुणे से चलने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 03 घंटे, 11 से 15 जून तक सीएसएमटी से चलने वाली 12809 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 02 घंटे 30 मिनट घंटे, 12 से 16 जून तक गोंदिया से चलने वाली 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 02 घंटे देरी से रवाना होगी।

### इन गाड़ियों का बदला रूट

11 व 15 जून को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया झारसुगुड़ा–टिटलागढ़-रायपुर होकर तथा 13 व 17 जून को एलटीटी से चलने वाली 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुड़ा होकर चलेगी। यह गाडिया गंतव्य से पहले ही समाप्त 08 से 19 जून तक 68861/ 68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त तथा प्रारम्भ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य तथा 10 व 13 जून को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-रायगढ़ के मध्य रद्द रहेगी। इसके अलावा 12 व 15 जून को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा रायगढ़-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

**खबर संक्षेप**

### दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला खनिज संस्थान न्यास जशपुर द्वारा संचालित समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह केंद्र मूक एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए संचालित है। इच्छुक माता-पिता व अभिभावक कार्यालयीन समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालयीन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची, पासपोर्ट साइज 2 फोटो लाना होगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम झरगांव निवासी स्व. विकसल लकड़ा का बांध के पानी में डूबने से 01 फरवरी 2026 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी सुमीरा प्रभा लकड़ा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### लापरवाही पर व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक को नोटिस

**अंबिकापुर।** भारत की जनगणना 2027 के कार्यों में तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी लुण्ड्रा के प्रतिवेदन के अनुसार विकासखण्ड लुण्ड्रा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता राजपाल देव एवं शासकीय प्राथमिक शाला आमापरा के सहायक शिक्षक सुखदेव राम को जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। व्याख्याता राजपाल देव द्वारा एचएलबी नंबर 186 ससौली के प्रगणक के ऑनलाइन कार्य में लापरवाही बरती गई। वहीं सहायक शिक्षक सुखदेव राम द्वारा एचएलबी नंबर 0063 के प्रगणक के रूप में कार्य में लापरवाही किये जाने एवं जनगणना सुपरवाईजर के द्वारा प्रतिदिन नशा किए जाने सम्बन्धी जानकारी दी गई।

### अनियंत्रित कार 40 फीट गहरी खाई में गिरी

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर बांध मोड़ पर तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। चालक कार में फस गया था जिसे कड़ी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाला गया। मूलतः उत्तरप्रदेश के भदोही निवासी अभिषेक पाण्डेय आ. अजय पाण्डेय रायपुर के कबीर नगर में रहता है तथा मंगलवार को कार से भदोही जाने के लिए निकला था। सुबह वह जैसे ही लखनपुर थानान्तर्गत कुंवरपुर बांध मोड़ पर पहुंचा तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार पलट गई थी तथा उसके चारों चक्के ऊपर थे। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे युवक को बाहर निकाला।

### जमीन संबंधी शिकायतों पर प्रशासन सख्त

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव क्षेत्र में जमीन संबंधी शिकायतों के संबंध में जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर रोहित व्यास ने जमीन की अनियमितता के संबंध में समाचार पत्र में उल्लेखित तथ्यों की विस्तृत जांच के लिए जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार जांच समिति में डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में तहसीलदार पत्थलगांव जयश्री राजनपथे, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रभारी नायब तहसीलदार कुनकुरी विष्णु गुप्ता तथा राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख जशपुर विनीत कुमार तिग्गा को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री व्यास ने समिति को निर्देशित किया है कि समाचार में उल्लेखित सभी तथ्यों एवं शिकायतों की बिंदुवार जांच करते हुए विस्तृत जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए।

## कलेक्टर ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

# कलेक्टर ने दिया अधिकारियों को शिविर में पहुंचने और आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण का निर्देश

**सारंगढ़।** कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनशिकायत, ई.समाधान, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन के निराकरण के लिए अवैध ईंट भट्ठों, शासकीय भूमि में अवैध कब्जा और नवनिर्माण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सारंगढ़ के झरियापारा और शताब्दी कॉम्प्लेक्स में आवश्यक बुनियादी सुविधा मुहैया कराने के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। स्वेच्छानुदान वाले प्रकरण का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अग्निशमन फायर बिग्रेड कार्यालय नवीन फायर स्टेशन हेतु जमीन आवंटन के लिए तहसीलदार को निर्देश दिए। पीएम आवास निर्माण के संबंध में कलेक्टर ने जिले के सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि पीएम आवास का निर्माण हितग्राही के स्वामित्व वाली भूमि पर करें। अवैध सरकारी कब्जा वाले भूमि पर निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए।

- जनगणना कार्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर पदमिनी ने अब तक सुशासन तिहार में प्राप्त 6 हजार आवेदनों के 5930 ऑनलाइन एन्ट्री के निराकरण की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 10 जून तक सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सुबह 11 बजे से शिविर वाले स्थान में उपस्थित रहने के निर्देश दिए और अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को पंडाल बड़ा बनाने के निर्देश दिए ताकि सुव्यवस्थित रूप से नागरिक अपने आवेदन का पंजीयन आसानी से करा सकें। साथ ही शिविर में पेयजल व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर ने जनगणना कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनगणना कर्मी को शालीन व्यवहार करने और कोई विवाद की स्थिति होने पर तत्काल निराकरण करने के लिए तहसीलदार और सीएमओ को निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से टीबी मरीज के इलाज में सहयोग के लिए कलेक्टर ने समाजसेवियों को निक्षय मित्र बनने के लिए अपील करते हुए कहा कि यह सामाजिक कार्य हैए जिसमें समाजसेवियों की जरूरत है और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। जिले में निर्माण कार्यों का समीक्षा करते हुए बुधवार को निर्माण स्थल का अवलोकन का रूपरेखा बनाया। इसमें नवीन जिला संयुक्त कार्यालय, जिल अस्पताल, सीएमएचओ कार्यालय, एसडीएमए तहसीलदार, कार्यालय, आदिवासी हॉस्टल का जीर्णोद्धार शामिल है। इसी प्रकार पूर्ण कार्यों के लोकार्पण कार्यों की सूची जिला पंचायत सीईओ को प्रदान करने के लिए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने पीएम आवास ग्रामीण और शहरी के प्रगति, स्वनिधि योजना, आंगनबाड़ी निर्माण, महतारी वंदन में ईकेवासी, 3 विकास प्राधिकरण मद मध्य क्षेत्र आदिवासी, छत्तीसगढ़ राज्य ओबीसी क्षेत्रए अनुसूचित जाति, सांसद आदर्श ग्राम योजना मद और धरती आबा के तहत जिले में अब तक प्रगतिरत विकास कार्यों की कलेक्टर ने समीक्षा किया। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सरिया में अमृत मिशन 2.0, सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ जल आवर्धन योजना, समूह जल प्रदाय योजना और हर घर जल के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली और बरसात के पहले सभी नल कनेक्शन के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, ई डिस्ट्रिक्ट सेवा, पीएम किसान सम्मान निधि का ईकेवायसी और एग्रीस्टेक पंजीयन, फौती नामांतरण, खाद वितरण, डबल लॉक में खाद भंडारण, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, बीज भंडारण, ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल, पीएम आशा योजना, पीडीएस राशन की उपलब्धता, भंडारण, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन वितरण, पीएमसूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, नवीन विद्युत उपकेन्द्र के लिए भूमि आवंटन और ई.आफिस में सभी विभागों को सरकारी कार्य को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने लिया कलेक्टोरेट, अस्पताल और जिला पंचायत भवन निर्माण का जायजा



**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में निर्माणाधीन कलेक्टोरेट सयुंक्त जिला कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंगद्ध जिला अस्पताल भवन निर्माण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने डिजाइन अनुसार हो रहे कार्यों का अवलोकन किया

उन्होंने निर्माण स्थल पर अधिकारियों से ड्राइंग डिजाइन अनुसार सभी विभाग के लिए बन रहे निर्माण की जानकारी टेबल पर ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के शीर्ष कार्यालय को अब तक भेजे गए स्टीमेट की स्वीकृति, उपलब्ध बजट, उच्च अधिकारियों के निर्देश आदि की जानकारी ली और कुछ आवश्यक सुधार करने के निर्देश अधिकारियो को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने भूतल व प्रथम तल स्थित कक्ष, मीटिंग हॉल, वेटिंग हॉल, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी श्रमिक, पलस्तर, वायरिंग, फाल सीलिंग जैसे कार्यों में व्यस्त थे। उन्होंने जिला पंचायत के कार्यालय निर्माण का भी अवलोकन किया, जहां नींव स्तर का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, एसडीएम वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, तहसीलदार नन्दकिशोर सिन्हा, एसडीओ पटेल सहित ख़ुशीराम नायक, ठेकेदार आदि उपस्थित थे।

# जेपीएल ने सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**रायगढ़।** शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल धौराभांठा में बुधवार को स्कूल के दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिए मेधावी विद्यार्थि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेपीएल माइंस तमनार के प्रेसिडेंट व सीईओ ओमप्रकाश थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे पढ़ते समय न सिर्फ सपना देखें बल्कि उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि पहले कुछ बनना है यह ठान लीजिए फिर बन के दिखाइए, तब फिर पूरा समाज आपका सम्मान करेगा। ओमप्रकाश ने कहा कि तमनार क्षेत्र में कंपनी द्वारा विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में बारहवीं तक छात्राओं की संख्या अधिक है, लेकिन इसके बाद लड़कियां पढ़ नहीं रही हैं, उनकी संख्या कम हो जा रही है। उन्होंने कहा कि दसवीं, बारहवीं की परीक्षा पास कर लेना ही आखिरी नहीं है, बल्कि यहीं से शुरूआत होती है, विद्यार्थी देश के भविष्य हैं। उन्होंने कहा जिंदल थर्मल पावर कंपनी द्वारा प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने अपने स्कूली शिक्षा की भी जानकारी दी साथ ही कहा कि सीएसआर द्वारा जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से सहयोग किया जाएगा। माइंस सेक्टर 1 के वाइस प्रेसिडेंट राजेश दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने अच्छी मेहनत कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### विद्यार्थियों की जिज्ञासा का किया गया समाधान

मेधावी विद्यार्थी सम्मन समारोह कार्यक्रम में जिन विद्यार्थियों का सम्मान किया गया उन्होंने अपने आगे की पढ़ाई और वे क्या बनना चाहते हैं उसकी जानकारी दी। साथ ही वे जो विषय लेकर पढ़ना चाह रहे हैं उसमें क्या क्या संभावनाएं हैं और क्या कठिनाइयां आ सकतीं हैं, उसे भी जानने का प्रयास किया। उनकी जिज्ञासा का समाधान जेपीएल माइंस तमनार के प्रेसिडेंट व सीईओ ओमप्रकाश ने किया।

# बरमकेला लाइब्रेरी के बाहर केवल नाम बदलकर की गई खानापूर्ति

**बरमकेला।** बरमकेला स्थित मुख्यमंत्री युवा केंद्र एवं लाइब्रेरी की बदहाल स्थिति को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में जरूर आया, लेकिन अब तक केवल औपचारिक कार्रवाई ही देखने को मिली है। वर्षों से उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार हो रहे इस लाइब्रेरी केंद्र में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।




स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का कहना है कि खबर सामने आने के बाद प्रशासन ने लाइब्रेरी की वास्तविक समस्याओं को दूर करने के बजाय केवल औपचारिकता निभाने का प्रयास किया। जिस लाइब्रेरी में वर्षों से पेयजल, साफ.सफाई, प्रसाधन और अध्ययन सामग्री जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ हैए वहां अब तक स्थायी सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम दिखाई नहीं दिया है। खबर प्रकाशित होने के बाद सबसे पहले लाइब्रेरी परिसर में लगे पुराने बोर्ड और बैनरों को लेकर हलचल शुरू हुई। जानकारी के अनुसार लाइब्रेरी के अंदर लगे रायगढ़ जिले के पुराने बैनरों को हटा दिया गया, जबकि दीवार में रायगढ़ जिले को हटाकर खानापूर्ति कर दी गई। स्थानीय युवाओं का आरोप है कि प्रशासन ने रायगढ़ की जगह सारंगढ़.बिलाईगढ़ लिखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लीए लेकिन लाइब्रेरी की वास्तविक समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। उनका कहना है कि केवल बोर्ड बदल देने से विद्यार्थियों की परेशानियां समाप्त नहीं होंगी। लाइब्रेरी में आज भी नियमित देखरेख के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है। साफ सफाई की स्थिति खराब बनी हुई हैए जिसके कारण अध्ययन का वातावरण प्रभावित हो रहा है। गर्मी के मौसम में सबसे बड़ी समस्या पेयजल की बनी हुई है।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया नर्सेस दिवस

**रायगढ़।** स्व लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ छग में कार्यरत समस्त नर्सिंग स्टॉफ के द्वारा 12 मई को नर्सेस दिवस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में स्थिति ऑडियोटोरियम में हर्षोउल्लास से मनाया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता डॉ संतोष कुमार एवं संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. दुर्गाशंकर पटेल, उप.अस्पताल अधीक्षक डॉ, हरीश उरांव डॉ. जया साहू, डॉ. अखिलेश बेहरा के द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति देकर चिकित्सालय में कार्यरत समस्त नर्सिंग स्टॉफ के द्वारा दिये जा रहे अमुल्य सेवा भाव एवं उनके कर्तव्य निष्ठा से कार्य करके चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के उपचार में अमुल्य योगदान को याद किया साथ ही अपने उदबोधन में शामिल करते हुए नर्सिंग स्टॉफ का मनोबल बढ़ाया गया। नर्सेस दिवस सप्ताह में नर्सिंग स्टॉफ के द्वारा कई प्रतियोगिता, आयोजित किया गया जिसमें फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान श्रीमती सुनैना सिंग दीक्षा वैष्णव, फेस पेंटिंग प्रथम अंजली रोजी, सीमा कुजूर बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट में सुनैना विशाल मसीहए सीमा कूजूर, रंगोली प्रतियोगिता में पुनम वैष्णव पुष्पा पाटले एवं सीमा कूजूर.प्रीति, पोस्टर प्रतियोगिता में ममता साव एवं सुनैना विशाल मसीह इसके आलावा प्रमुख रूप से फूड स्टॉल बिना कोई प्रतियोगिता के लगाकर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वादिष्टि व्यंजनों का लुफ्त उठाया। साथ ही समस्त नर्सिंग स्टॉफ को उपस्थित अतिथियों के द्वारा मोमेंटों से सम्मानित किया गया। इस सारे कार्यक्रम में सहायक नर्सिंग अधीक्षक एवं नर्सिंग सिस्टरों तथा स्टॉफ नर्सों ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया।



## रास्ता रोक कर लूट और मारपीट के 5 आरोपियों को 5 साल का सश्रम कारावास

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के भोजपल्ली गांव के मुख्य मार्ग पर रात्रि के समय कार सवार युवक का रास्ता रोककर लूटपाट और मारपीट करने के वाले 5 आरोपियों को न्यायालय ने दोषी मानते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में अपर लोक अभियोजक मोहन सिह ठाकुर ने बताया कि प्रसन्न कुमार गुप्ता जेएमजे अस्पताल में काम करता है। वह 10 जून 2024 की रात करीब साढ़े 8 बजे अपने गांव महापल्ली अपना टिफिन लेने के लिए अपनी कार से गया था। रात करीब साढ़े 9 बजे वापसी के दौरान भोजपल्ली प्राथमिक शाला के पास अमन गुप्ता पिता गौतम गुप्ता निवासी विश्वनाथपाली, चन्द्रहास किशासन पिता सनतराम किशान निवासी भोजपल्ली, भोलानाथ खडिया पिता सुखदेव खडिया निवासी भोजपल्ली, दिनेश शर्मा पिता रविन्द्र शर्मा निवासी विश्वनाथपाली तथा अमित साहू पिता सौकिलाल साहू निवासी भोजपल्ली ने उसकी कार कार रोका और उतरने को कहा। जब प्रसन्न कुमार गुप्ता अपनी कार से बाहर उतरा तब आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की और उसका मोबाइल छिन कर जमीन पर पटक दिया। जिसके बाद उसके पास रखे करीब 11 हजार 500 रूपए भी लूट लिए, जब उसने विरोध किया तब उसने साथ आरोपियों ने मारपीट भी की। इस मारपीट की वजह से वह सड़क पर ही बेहोश हो गया था। जब उसे होश आया तो वह किसी तरह अस्पताल पहुंचा और पुलिस थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने सभी पांचों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

## व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ के अधिवक्ता संघ को विधायक ने भेंट किया एसी, लाइब्रेरी के लिए राशि की घोषणा

**बिलाईगढ़।** व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ में अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें शामिल हुईं। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ता साथियों द्वारा विधायक का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती लहरे ने अधिवक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ को 2 एसी भेंट किया। साथ ही अधिवक्ता संघ की लायब्रेरी के विकास के लिए 1 लाख की देने की घोषणा की। विधायक की इस पहल का अधिवक्ता साथियों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ में नवपदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिद्धांत देवांगन का अधिवक्ता संघ द्वारा अभिनंदन किया गया। विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है और न्यायिक अधिकारियों की जिम्मेदारी समाज के प्रति अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विधायक श्रीमती लहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग है। आम जनता को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए उनके लिए बेहतर कार्य वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना आवश्यक है।



## सड़क सुरक्षाः बगीचा हेलमेट पहनकर सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग

# एसएसपी के नेतृत्व में निकली विशाल बाइक रैली, यातायात नियमों के पालन का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं में हो रही लगातार जनहानि को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा बुधवार को बगीचा नगर में हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, शासकीय कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। सैकड़ों बाइक सवार हेलमेट पहनकर सड़क पर उतरे और सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।

विशाल रैली का नेतृत्व डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने किया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीएम बगीचा प्रदीप राठिया, एसडीओपी दिलीप कुमार कोसले, डीएसपी ट्रैफिक के.आर. चौहान, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पार्षद एल.आर. चौहान एवं संतोषी नागेश सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली

हाई स्कूल ग्राउंड बगीचा से प्रारंभ हुई यह जागरूकता रैली मुख्य मार्ग, थाना रोड, बस स्टैंड, तहसील चौक, रौनी रोड, नहर पारा एवं कुरुमकेला होते हुए पुनः हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान पूरे नगर में सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश गूंजते रहे। बाइक सवारों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए लोगों को जागरूक किया।

### हेलमेट जीवन रक्षा का कवच

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि जिले में अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती है, जिसका प्रमुख कारण हेलमेट नहीं पहनना है। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल पुलिस कार्रवाई से बचने का साधन नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है।

### दिया जागरूकता का संदेश

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम ने उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती हैं। उन्होंने लोगों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार और परिचितों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

### सोशल मीडिया के जरिए अभियान

कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं नागरिकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर हेलमेट पहनने और यातायात नियमों के पालन का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित किया। इससे अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया गया।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफ Style

# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'



हॉलीवुड मसाला




# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन

**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।



### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।



## बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

## खबर संक्षेप

### मास्टर ट्रेनर ने दिया जनगणना का प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** जनगणना कार्य का निरीक्षण एवं टेक्नीकल समस्या के समाधान का ज्ञान देने के लिए जिला मास्टर ट्रेनर भगवान प्रसाद बसंत एवं भरत देवांगन द्वारा पवनी नगर पंचायत सहित भटगांवए बिलाईगढ और सरसींवा के ग्रामीण और नगरीय निकाय के समस्त जनगणना सुपरवाइजर व प्रभारी अधिकारियों का आवश्यक बैठक लेकर उनको जानकारी दी गई और उन्हें तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया गया।

### पेंटर ने कलेक्टर को भेंट किया भौगोलिक मानचित्र

**सारंगढ़।** कलेक्टर जनदर्शन में बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम चकरदा निवासी पेंटर शिवकुमार निराला ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले अनूठा राजनीतिक, भौगोलिक मानचित्र को कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू को भेंट किया। उनकी इस अद्वितीय पेंटिंग कला प्रस्तुति ने कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बढ़ा दिया। पेंटर निराला द्वारा तैयार एक मानचित्र 3 माह में तैयार किया गया है, जिसमें कुल गांव, वीरान गांव, डेम, सड़क आदि स्पष्ट दिखाई दे रहा है। कलेक्टर ने इनके कलाकृति और सराहनीय कार्य का विस्तृत अवलोकन किया और उनके कार्य की तारीफ की।

### अवैध विदेशी मदिरा पर विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर शहर और खरसिया क्षेत्र में दबिश देकर विदेशी मदिरा एवं अवैध महुआ शराब जब्त की गई तथा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आबकारी वृत्त रायगढ़ शहर की टीम ने गांधीनगर थाना जूटमिल निवासी अघनमति महिलांगे के कब्जे से 48 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की जब्त की। जब्त शराब की मात्रा 8.280 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 5 हजार 520 रुपए बताई गई है।

## कुंजेमुरा शिविर में गायत्री मां स्व सहायता समूह को सौंपी गई आजीविका डबरी

# मोर गांव मोर पानी अभियान से आजीविका और जल संरक्षण को मिला नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन लगातार नवाचारपूर्ण पहल कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार संचालित सुशासन तिहार और मोर गांव मोर पानी अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत ग्राम कुंजेमुरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गायत्री मां स्व सहायता समूह की सदस्य को आजीविका डबरी का हस्तांतरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सराईटोला निवासी श्रीमती सनमेत अगरिया, पति बुधराम अगरिया को नवनिर्मित आजीविका डबरी का प्रबंधन एवं स्वामित्व औपचारिक रूप से सौंपा गया। श्रीमती अगरिया गायत्री मां स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। प्रशासन का मानना है कि आजीविका डबरियां ग्रामीण परिवारों के लिए बहुआयामी आय का माध्यम बन रही हैं। इन डबरियों के माध्यम से मत्स्य पालन, उद्यानिकी, साग सब्जी उत्पादन तथा जलीय फलों की खेती जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं और उनके परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि संभव हो सकेगी। रायगढ़ जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मनरेगा योजना के माध्यम से जिले में वर्तमान में 400 से अधिक आजीविका डबरियों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें मई माह के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा नवा तरिया आय का जरिया परियोजना के अंतर्गत जिले में 23 नए तालाबों का निर्माण भी किया जा रहा है।

**खास बातें**

- रायगढ़ जिले में 400 से अधिक आजीविका डबरियों और 23 नए तालाबों के निर्माण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती



हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपते जनप्रतिनिधि।

**ऐसे बनेगा आय का जरिया**

इन तालाबों को विशेष रूप से सीएलएफ महिला समूहों की आजीविका गतिविधियों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। इन जल संरचनाओं में मछली पालन, दोहरी फसल, साग सब्जी उत्पादन और जलीय फलों की खेती जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। जिले में पिछले दो वर्षों से संचालित जल संकल्प अभियान के माध्यम से जल संचय, संरक्षण और संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

## हाटी में सुशासन तिहार का आयोजन, 875 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



तहसील छाल अंतर्गत ग्राम हाटी में सुशासन तिहार 2026 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में लगभग 875 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका संबंधित विभागों द्वारा निराकरण एवं पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में मुख्य जनप्रतिनिधि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव राठिया उपस्थित रहीं। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी.कर्मचारी भी शिविर में मौजूद रहे। शिविर के दौरान आम नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। मुख्य रूप से एग्रीस्टैक पंचायत के अविवादित नामांतरण, खाद्य विभाग ई केवाईसी, महतारी वंदन योजना ई केवाईसी, आधार कार्ड ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड तथा स्वास्थ्य शिविर जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।




## बिना परमिट सेमर लकड़ी का कर रहे थे परिवहन, भागने से पहले पहुंच गए अफसर, भरे ट्रक छोड़कर फरार हुए तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में बिना परमिशन सेमर लकड़ी तस्करी का मामला सामनें आया है। ट्रक में परिवहन किया जा रहा था। रास्ते में ही राजस्व, पुलिस और वन विभाग की टीम पकड़ लिया। अधिकारियों की टीम को देखकर तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। देर रात की कार्रवाई है, लेकिन अब तक इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है।

बीती रात राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9323 को पकड़ने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई छाल तहसीलदार लोमश मिरी, छाल पुलिस और छाल रेंजर राजेश चौहान की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ से खरसिया की ओर जा रहे एक संदिग्ध ट्रक को रात करीब 10 बजे संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। जांच के दौरान ट्रक में भारी मात्रा में अवैध रूप से ट्रक में सेमर लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। इस लकड़ी परिवहन का कोई दस्तावेज नहीं था। याने बिना ट्रांजिट पास ही लकड़ी का अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को देखते ही ट्रक चालक एवं हेल्पर वाहन की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद टीम ने ट्रक को जब्त कर लिया और 1980 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया।



**नंबर प्लेट भी फर्जी**

प्रारंभिक जांच में ट्रक की नंबर प्लेट भी संदिग्ध एवं फर्जी प्रतीत हो रही है, जिसकी विस्तृत जांच जारी है। प्रशासन द्वारा ट्रक मालिक एवं फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

## कलेक्टोरेट में संचालित कार्यालयों का जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ में संचालित सभी कक्षों और कार्यालयों का निरीक्षण किया, इसमें अधीक्षक, आवक जावक, भू.अर्जन, न्यायालय, आरटीआई, आधार सेवा केन्द्र, अभिलेख, खाद्य और खनिज विभाग के जिला कार्यालय शामिल है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीक्षक को ऑफलाइन आए फाइलों के संबंध में जानकारी ली और ई आफिस में फाइल को भेजने पर जोर देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अभिलेख रिकार्ड लेने आये नागरिकों से कितना समय से आए हैं, की जानकारी ली और लिपिक को शीघ्र रिकार्ड देने के निर्देश दिए।









नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)

फोन : 07752-401052, मो. 7000789166